Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 23-12-2021 अंक 93

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## बस से गिरकर चना विक्रेता हुआ घायल

**अपेम लाइवः बरही**

बरही चौक पर आप प्रत्येक दिन देखते होंगे कि चना विक्रेता बस का इंतजार कर रहे होते है। बस जैसे ही पहुँचती है। चना विक्रेता अपना जान जोखिम में डालकर चलती बस में चढ़ने लगते है। आज इसी प्रकार का मामला प्रकाश में आया है। सोनु केशरी उम्र 27 वर्ष पिता सुखदेव केशरी बरही निवासी गुरुवार सुबह चलती बस में चढ़ रहे थे। जिससे उनका संतुलन खो गया। और वह रोड पर जा गिरे जिससे पैर में गंभीर चोट आई है। आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ उनका ईलाज किया गया।

## बिहारी मुखिया ने गरीब एवं असहाय लोगो के बीच किया कंबल वितरण


**अपेम लाइवः पदमा**

पदमा प्रखंड अंतर्गत बिहारी पंचायत में मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता ने बढ़ते ठंढ को देखते हुए। गरीब एवं असहाय लोगो के बीच 150 कंबल वितरण किया। मौके पर पंचायत सेवक संत किशोर मेहता, रोजगार सेवक शिव कुमार यादव, वार्ड सदस्य रेखा देवी, राज कुमार मेहता, विजय शर्मा, बालेश्वर गिरी, प्रभु मेहता, नरेश मेहता, भुनेश्वर मेहता, सुदामा देवी एवं चंदर देव गिरी मौजूद थे।



कंबल वितरन करते मुखिया सहदेव प्र0 मेहता

## पुण्य तिथि




झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ

# बिजली कटौती, झूठा केस में फसाने एवं बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ भाजपा का धरना प्रदर्शन, निकला शव यात्रा, हुआ पुतला दहन

## बिजली विभाग के मनमानी से आम जनता परेशान, सुधार करें, वरना हम सुधारना जानते हैं: मनोज




शव यात्रा मे शामिल पुर्व विधासक व अन्य




पुतला दहन करते भजपाई

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

भाजपा ओबोसी मोर्चा के बैनरतले बरही अनुमंडल में बिजली कटौती, बिजली बिल की असंवैधानिक बढ़ोतरी एवं बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ बिजली कार्यालय बरही में धरना प्रदर्शन के साथ बिजली विभाग की शव यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मंडल अध्यक्ष मनोज साव एवं संचालन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, ओबीसी प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिन्हा, युवा नेता , भगवान केशरी, युवा नेता रितेश गुप्ता मुख्य रूप से शामिल हुए। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि बरही अनुमंडल में बिजली आपूर्ति व्यवस्था लचर है। बिजली विभाग के एसडीओ सौरव लिंडा एवं उनके कर्मचारीयों के मनमानी से आम आदमी त्रस्त है। गरीबो के यहां छापामारी कर अनाप सनाप फाइन काट लिया जा रहा है। झूठा केश कर गरीबो का शोषण किया जा रहा है। राजनितिक दल के नेता के इशारे पर टारगेट कर मुकदमा में फंसाया जा रहा है। इसे बंद करना होगा। नही तो हम भाजपा के लोग हैं। हमें विभाग को सुधारने आता है। जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, गुरुदेव गुप्ता, अशोक यादव, रितेश गुप्ता, मनोज साव, केदार राणा, डोमन पांडेय, मनोज कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिन्हा ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि बिजली विभाग के द्वारा भी बिजली के मामले में दोहरी नीति अपनाई जा रही है। हमसे ज्यादा एवम रियाडा में कम बिजली बिल आती है। गरीबो को केश में फंसाकर अवैध वसूली की जा रही है। बिजली विभाग की मनमानी से आम जनता परेशान है। यदि इस पर रोक नही लगी तो चरणबद्ध आंदोलन को हम सब बाध्य होंगे। कहा कि बिजली कटौती ऐसे समय मे किया जा रहा है। जिस समय बच्चो को बढ़ने के लिए बिजली कि जरूरत होती है। दैनिक दिन चर्या, किसान, एवं व्यवसायियक कार्य प्रभावित हो रही है। धरना प्रदर्शन के बाद बिजली विभाग की शव यात्रा निकाली गई। बरही चौक पर पूर्व विधायक के नेतृत्व में पुतला दहन करते हुए झारखण्ड सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर भजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजयुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज सिंह, संसाद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भग. वान केशरी, शैलेंन्द्र सिन्हा, किशुन यादव, कांति देवी, मनोज साव रितेश गुप्ता, गुरुदेव गुप्ता, मा. तीलाल चौधरी, नागेश्वर रजक, राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, शमशेर आलम, युशूफ राज कुमार केशरी, बंटी कुमार, संतोष निषाद, डोमन पांडेय, शिव शंकर यादव,विपिन सिन्हा, सीताराम यादव, बैजनाथ याद,,झमन यादव, रघुनंदन यादव, उमेश यादव, प्रदीप पांडेय, अरविंद कुमार, केदार राणा, शिवनंदन यादव, बालेश्वर यादव, मो बेलाल , अशोक यादव, टेकलाल यादव, अमित सिंह, इंद्रदेव ठाकुर, कुलदीप सिंह, सिकंदर निषाद, मे. वालाल केशरी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थे।




कार्यक्रम को संबोधित करते पुर्व विधायक

# पूर्व विधायक ने गरीबो का कम्बल भैसों को बांटने का लगाया आरोप, सीओ से मांगा जबाब

## कहा : सता दल के कार्यकर्ता को अधिकारी अपने वाहन में बैठकर ले जाते है कम्बल बांटने

**अपेम लाइवः बरही**

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कम्बल वितरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से जबाब मांगा है। ग्रामीणों से शिकायत मिलने पर पूर्व विधायक ने अपने सैकड़ो कार्यकत्ताओं के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से बात की। लेकिन मौके पर सीओ नही मिले। उन्होंने दूरभाष पर ही सीओ पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने पूछा कि आप सता दल के कार्यकर्ताओ को कम्बल कैसे दे रहे हैं। सता दल के कार्यकर्ता असहाय गरीब लोगों को नही देकर भैंस को ओढ़ने के लिए दे रहे हैं। ऐसी सूचना मिल रही है कि केदारुत में सत्ता दल के कार्यकर्ता गरीबो को कम्बल नही देकर भैसों को दे रहे हैं। साथ ही पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि आप धोबघट मे कम्बल वितरण में सत्ता दल के कार्यकर्ता को सरकारी गाड़ी में बिठाकर ले गए। आप एक जबा. बदेह अधिकारी होने के नाते कैसे ले जा सकते हैं। इससे गलत मैसेज जा रहा है। कहा कि अब न तो प्रशासनिक पदाधिकारी की मनमानी चलेगी और न ही सत्ता पक्ष के लोगों की। उन्होंने अधिक. ारियों को चेताते हुए कहा कि आप सब नियम संगत काम करें। नही तो आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रति. निधि अर्जुन साव, किशुन यादव, राजन कुमार, रितेश गुप्ता, विशेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, रा. जेन्द्र प्रसाद, भगवान केशरी, गुरुदेव गुप्ता, प्रकाश साव, अशोक यादव, बालेश्वर यादव, युगल यादव , अशोक राणा, मेवालाल केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।



अधिकारी से वार्ता करते पूर्व विधायक एवं अन्य

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत धनवार में लगा शिविर,

## विभिन्न विभाग के स्टॉल से लाभुक हुए लाभान्वित

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, जिलाउपाध्यक्ष डॉ निजामउद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रघुनंदन गोप, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, बीएसओ संजय यादव, एमओ आजाद सिंह, मनोहर यादव, मुखिया नकुल प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य संजय प्रसाद एवं बासुदेव यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया गया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्ट०ल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।




कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व जनप्रतिनिधि

# समाज सुधारक और महान कर्मयोगी थे स्वामी श्रद्धानंद : प्राचार्य ए के सिंह

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया गया

**अपेम लाइव : बरही**

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया गया । इस अवसर पर श्रद्धानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए वैदिक मंत्रोचार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कक्षा 9 ए के छात्र गौरव राज ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज की सेवा के साथ दयानंद के दिखाए रास्तों पर चलने में लगा दिया। कक्षा नवम डी की छात्रा संजना कुमारी ने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद ऐसे इंसान थे जिन्होंने दुनियां के सामने बुरे इंसान का एक अच्छे इंसान में परिवर्तन होने का उधारण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विजय कुमार ने अपने भाषण में कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सच्चे समाज सुधारक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के साथ-साथ देश को आजाद करने में लगा दिया।मंच का संचालन करते हुए राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि रॉलेट एक्ट के विरोध में अपना पूरा योगदान दिया था। अनिल कुमार ने स्वरचित कविता के द्वारा वेद पढ़ो और वेद पढ़ाओ से बच्चों को वेदो की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि श्रद्धानंद सच्चे सुधारक और कर्मयोगी थे । वे एक ऐसी पीढ़ी तैयार करना चाहते थे जिसमें देश भक्ति के साथ-साथ समाज के प्रति संपूर्ण समर्पण हो तथा जो मानव के विकास के लिए सदैव तत्पर रहे। इसके लिए उन्होंने हरिद्वार में गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना की थी। जहां पर छात्रों को ज्ञान के साथ-साथ वैदिक ज्ञान तथा देशभक्ति और समाज के प्रति संवेदनशीलता आदि भी सिखाए जाते थे । श्रद्धानंद ने वैचारिक मतभेद होने पर कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था और उन्होंने आर्य समाज तथा सनातन धर्म की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए आजीवन प्रयास किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने कहा कि श्रद्धानंद का जीवन हम सबके लिए सदैव अनुकरणीय हैं। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चल कर ही समाज का तथा लोगों के संपूर्ण विकास का कार्य पूर्ण कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिका मौजूद थी। रेखा सिंह ,दीपक शरण,प्रतीक आनंद ,अभय पाठक, निर्मल प्रसाद ,रमेश कुमार, प्रदीप गोराई की उपस्थिति रही ।



श्रद्धानन्द बलिदान दिवस मनाते डीएवी के बच्चे।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांक :---24.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतु :---हेमन्त
माह :---पौष
पक्ष :---कृष्ण पक्ष
तिथि :---पंचमी तिथि दिन 04:01 तक उपरांत षष्ठी तिथि
दिन :---शुक्रवार
नक्षत्र :---मघा नक्षत्र
योग :---विष्कुम्भ
करण :---गर
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---सिंह राशि में
आज का राहूकाल दिन :---10:30 बजे से दिन :---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्त :---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से भौतिक सुखों में वृद्धि होत



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## लगातार बढ रही ठंढ ने लोगो को किया बेहाल, पारा गिरा कड़ाके की पड़ रही ठंढ

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकठ्ठा प्रखंड व चलकुशा प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार ठंड ने लोगो को बेहाल कर रहा है लोग परेशान है कड़ाके की ठंड से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चो को हो रही है सुबह उठकर तैयार होकर स्कूल जाना काफी कठिन साबित हो रहा है वही आस-पास के गांव में मौसम ने अचानक से करवट बदली जिसके बाद बीते कुछ दिनों से पारा बड़ी तेजी के साथ नीचे गिर गया और देखते ही देखते कड़ाके की ठंड पड़ने लगी। मौसम में आए इस अचानक बदलाव के बाद लोग शाम होते होते घर में दुबक रहे हैं। क्योंकि दि. संबर के माह में पारा हमेशा ही न्यूनतम स्तर पर पहुंच जाता है यही हाल बीते कुछ दिनों से देखने को मिला भी लेकिन पुनः ठंड बढ़ गई । जानकार बताते हैं कि क्योंकि धान कटनी दिसंबर माह में लगभग पूरी हो जाती है जिसके बाद से हर वर्ष ठंड क्षेत्र में इसी समय से बढ़नी शुरू हो जाती है। आधा से ज़्यादा माह दिसंबर बीत जाने के बाद जिस तरह से मौसम ने रूप बदला है उससे तो यही समझ में आता है कि हो सकता है कि आने वाले दिनों में ठंड और बढे और कड़ाके की पड़े। वहीं मौसमी सब्जियों को जबरदस्त नुकसान हो रहा है मार्केट से फुलगोबी गायब हो गया लगभग 40-50 के बीच फुलगोबी व टमाटर का भाव है जो आम लोगो के लिए मंहगा है वही कुछ दुकानदारों से बात करने पर उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में शाम के समय व्यापार काफी थम सा जाता है 7 बजे शाम तक दुकानें बंद हो जाती है क्योंकि लोग बाजार में ना के बराबर ही रहते हैं। वही इस प्रकार से लगातार गिर रहे पारे में ठंड में काफी बढ़ोतरी हुई है जिसके बाद मजदूर किसान वर्ग के लोगों को खासा समस्या का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि मजदूर वर्ग के लोग ज्यादातर सुबह-सुबह ही काम पर निकलते हैं। मौसम को देखते हुए तो कतई यह महसूस नहीं हो रहा कि ठंड से फिलहाल अभी राहत मिलने को है क्योंकि पारा लगातार गिरता हुआ दिख रहा है।

## पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट भुवनेश्वर के लिए विभावि की टीम रवाना

### सफलता का लक्ष्य निर्धारित कर खिलाड़ी विभावि का करें नाम रौशनः कुलपति

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




भुवनेश्वर के लिए रवाना होते फुटबॉल खिलाडी

हजारीबाग : 23 दिसंबर सफलता का लक्ष्य निर्धारित कर खिलाड़ी विनोबा भावे विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। दृढ़ इच्छाशक्ति से खिलाड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। फुटबॉल के आप सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। उक्त बातें स्थानीय मार्खम कॉलेज परिसर में पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को भुवनेश्वर रवाना करने के दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय के के प्रतिकुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि आप सभी खिलाड़ीयों को विश्वविद्यालय हर संभव सहायता देगी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिमल कुमार मिश्र ने कहा कि खेल में आप सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर पूर्वी क्षेत्र ही नहीं बल्कि राष्ट्र स्तर पर भी अपनी पहचान बनाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आपके लक्ष्य एवं प्रयास से निश्चित ही सफलता मिलेगी। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को प्रतिकुलपति ने जर्सी एवं खेल किट्स की सभी सामग्री को वितरित किया। केआईएसएस युनिवर्सिटी में 25 से 29 दिसंबर तक आयोजित इस पांच दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की टीम की सहभागिता रहेगी। टीम को रवाना करने एवं उनकी हौसला अफजाई करने के लिए कॉलेज के एथलेटिक प्रेसिडेंट डॉ श्याम किशोर सिंह समेत टीम मैनेजर डॉ विष्णु कुमार, प्रोग्राम आ. फिसर बीएन सिंह, डॉ एसएन त्रिपाठी, डॉ एसके सिंह, डॉ रूपम कुमारी, पूजा गुप्ता समेत शिक्षक एवं कर्मचारीगण एवं खिलाडियों में जेजे कॉलेज के राहुल कुमार यादव, विशाल कुमार पांडेय, गो. विंद कुमार यादव, रोहित कुमार, सूरज कुमार, मार्खम कॉलेज के भवेश कुमार, मनोज कुमार यादव, अजीत कुमार, अन्नदा कॉलेज के भास्कर हर्ष, विवेक केरकेट्टा, पीयूष शर्मा ,संत कोलंबा कॉलेज के संजीत हंसदा , द्रविड सोरेन ,विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रबंधन विभाग के कुणाल राज पासवान, चतरा कॉलेज के मुनेश्वर कुमार सिंह, । शामिल है

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर में लोगों का उमड़ा हुजूम

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



कार्यक्रम मे शामिल अतिथि

चलकुशा : प्रखंड के ग्राम पंचायत चौबे में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रम नियोजन पदाधिकारी मनोज मनजीत सिन्हा ,अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर शिक्षा पदाधिकारी अशोक पाल थाना प्रभारी विरेंद्र कुमार सिंह खाद आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम, जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह ,उपप्रमुख दुर्गा यादव ,ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह, पंचायत प्रधान सविता देवी ने संयुक्त रूप से भग. वान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया। कार्यक्रम में तमाम जनप्रतिनिधियों के द्वारा पलमा मोड से केशवारी तक बन रहे पीडब्ल्यूडी रोड को लेकर वन अधिकारी ने लचर व्यवस्था के कारण रोड का कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा जिससे लोगों को चलकुशा प्रखंड मुख्यालय आने- जाने मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।जनप्रतिनिधियों ने कहा कि उपायुक्त महोदय खरगू पंचायत मे जिस दिन जनता दरबार के दिन कार्यक्रम में पहुंचे और देखें कि चलकुशा प्रखंड कि जनता इस रोड से कैसे आवागमन कर रही है।मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी, सुखदेव यादव, भाजपा जिला मंत्री जयदेव चौधरी, विजय चौधरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन ,असिम टोप्पो,शलैश रंजन,अकिल अहमद, महेश कमार,समशाद अली, अफजल अली, रुपेश कुमार, अंशु कुमार, गुलजार अली,बिकास कुमार,जूगु माहतो,राजेश कुमार,एवं सैकड़ों की संख्या में लोगों उपस्थित थे।

## कम्बल-अलाव की व्यवस्था की मांग को लेकर भाजपा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



बीडीओ को ज्ञापन सौंपते भाजपाई

बढ़ती ठंड को लेकर चिंतित चंदवारा भाजपा के प्रतिनिधि मंडल प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में मांग किया है कि बढ़ती शीत लहर को देखते हुए गरीब व असहय लोगो के बीच कंबल वितरण एवं अलाव की व्यवस्था किया जाए। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा चल रहे कार्यक्रम आपकी सरकार आपके द्वार में ही कंबल वितरण करना था। लेकिन वहां कंबल वितरण नहीं किया गया। इससे गरीब असहाय लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर सूची बनाकर जल्द से जल्द कंबल वितरण कराया जाय। ताकि आम जनता को इस कड़कड़ाती ठंड से राहत मिल सके। इधर चंदवारा प्रखंड के कई पंचायतों में कंबल नहीं बटने की सूचना पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से फोन पर बात कर गरीब व असहाय लोगों के बीच जल्द से जल्द कंबल वितरण करने को कहा एवं इस कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए प्रत्येक चौक-चौराहे पर अलाव की व्यवस्था करने को कहा। जिस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कुछ पंचायतों में कंबल वितरण का कार्यक्रम चल रहा है और जिस पंचायत में कंबल वितरण नहीं हुआ है। वहां जल्द से जल्द है वितरण करवा दिया जाएगा। उन्होंने अलाव व्यवस्था के लिए अंचल अधिकारी से बात कर जगह-जगह अलाव की व्यवस्था कराने की बात कही। मौके पर सांसद प्रति. निधि चंद्रभूषण साव, प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कुमार सिंह, भाजपा नेता प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, युवा नेता बिरेंद्र कुमार यादव ,पिंटू कुमार साव, मुन्ना वर्णवाल ,आनन्द मोदी, मो अमानत, मो मुमताज, मुरली मोदी ,विजय मोदी ,सुरेश यादव, राजकुमार पंडित आदि मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक गार्ड की मौत

**अपेम लाइव : बरही**



मृतक संतोष उराँव

बरही प्रखंड अन्तर्ग खोड़ाहर पंचायत के कुण्डवा निवासी संतोष उरांव पिता मंगू उराँव ( 40) की मौत बीते रात सड़क दुर्घटना में हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष उरांव बरही बाईपास स्थित टाटा मोटर्स में बतौर गार्ड काम करता था। रात के लगभग 9 बजे ड्यूटी के लिए अपने घर से बाइक से बरही आ रहा था। इसी बीच चार माइल के पास अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। निकला था। सूचना पाकर पदमा ओपी घटनास्थल पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहाँ गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग


## वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जिला स्वास्थ्य विभाग की सराहनीय पहल, कैंप में दिव्यांगजनों को मिलेगा ऑन द स्पॉट प्रमाणपत्र

### शालिनी गुप्ता की लोगों से दिव्यांगों को कैंप तक लाने की अपील

**अपेम लाइव : कोडरमा**
**धीरज कुमार**



जिप प्रधान शालिनी गुप्ता

जिले में दिव्यांग जनों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इसकी सबसे बड़ी वजह दिव्यांगजनो के बीच जानकारी का अभाव रहा है। करोना काल में सदर अस्पताल में दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बनना भी एक बड़ा कारण रहा है। प्रमाणपत्र के अभाव में लोगों को सरकारी सुविधा मिलना तो बहुत दूर की बात है। उक्त बातें जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने कही है। बहरहाल इस नेक काम को पूरा करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने एक सराहनीय पहल करते हुए वर्ष के अंत में विभिन्न प्रखंडों में दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कैंप का आयोजन कर रही है। कैंप के आयोजन में डॉक्टर की टीम दिव्यांगों के चेकअप के बाद ऑन द स्पॉट प्रमाण पत्र निर्गत करेगी। वर्षों से अपेक्षित रह रहे दिव्यांगों को बहुत बड़ी उपलब्धि तो नहीं लेकिन प्रमाणपत्र निर्गत होने पर सरकारी सुविधाओं के मिलने का रास्ता जरूर साफ होगा।

**किस प्रखंड में कब लगेगा दिव्यांगता प्रमाणपत्र हेतु कैंप :** जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्गत पत्र में 23 दिसंबर को पहला कैंप कोडरमा जिला मुख्यालय में लगाया जाएगा। 27 दिसंबर को कोडरमा प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांगता कैंप का आयोजन होगा। वहीं 30 दिसंबर को डोमचांच प्रखंड में कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्यांगजन लाभ उठा सकते हैं।

**टीम में कौन कौन से डॉक्टर होंगे शामिल**

कैंप में किसी भी प्रकार के आए दिव्यांगजनों को सुचारू रूप से जांच करते हुए दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु डॉ रमन कुमार (ऑर्थो), जिला कुष्ठ निवारण पदा. धिकारी, डॉ मनोज कुमार (फिजी. शियन) जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ उपेंद्र कुमार सिन्हा (सर्जन) उपाधीक्षक सदर अस्पताल कोडरमा, डॉ सुनील कुमार (नेत्र सर्जन) विशेष चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा आदि शामिल होंगे।

**दिव्यांगों को अपने साथ कैंप में क्या-क्या लाने होंगे**

कोडरमा सिविल सर्जन डीपी सक्सेना ने बताया की कैंप में दिव्यांग जनों को निम्न डॉक्यूमेंट लाने होंगे, ताकि सुगमता से उनका प्रमाणपत्र निर्गत हो सके।1- आधार कार्ड की छाया प्रति। 2- चिन्हित दिव्यांगता भाग वाले शामिल का पूरा फोटो (2 कॉपी ) 3- पूर्ण भरा हुआ दिव्यांगता आवेदन पत्र, जिप प्रधान शालिनी गुप्ता ने जिले के लोगों से कहा है कि हर एक दिव्यांगजनों के अंदर असीम संभावनाएं होती हैं जो समाज को तरक्की की ऊंचाई तक लाने में अहम भूमिका निभाती है। दिव्यांग जनों की उपलब्धि से ही समृद्ध समाज की कल्पना की जा सकती है। ऐसे में समाज के हर एक व्यक्ति से अपील है कि वह अपने आसपास रहने वाले किसी भी प्रकार के दिव्यांग जनों को चिन्हित कर उन्हें संबंधित कैंप में पहुंचाने का नेक कार्य करते हुए अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा की जिले के दिव्यांगजनों को हर एक सुविधा मिल सके इसके लिए आगे भी प्रयासरत करती रहूंगी।

## आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रोमी में लगा शिविर,



कार्यक्रम का उदघाट्न करते विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**

पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ मनीष कुमार, जिला परिषद सदस्य बसंत मेहता, उप प्रमुख हेवन्ती देवी, रोमी मुखिया गौरी शंकर मेहता, कांग्रेस अध्यक्ष गौतम मेहता, विधायक प्रतिनिधि विजय रविदास एवं सुनील मेहता ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। यह कार्यक्रम झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें जनता का समस्या का समाधान किया गया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्ट०ल लगाया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आमजनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण-पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15 वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल-खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शिविरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर मो अजहर अंसारी, रोजगार सेवक राजेश उपाध्याय, एमओ विद्या भूषण, प्रधान सहायक प्रवीण बक्सी, नाजीर, शेखर सुमन, उप मुखिया किरण मेहता, बिहारी मुखिया सहदेव मेहता, पिण्डारकोन मुखिया कमख्या सिन्हा एवं पंचायत के अन्य लोग शामिल थे।

## झारखण्ड माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन के मामले में वित्त मंत्री क द्वारा दिया गया बयान निंदनीय एवं प्रजापति (कुम्हार) समाज के लिए अपमान जनक तथा पक्षपाती है : ईश्वर चंद्र प्रजापति

### वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के द्वारा झारखंड माटी कला बोर्ड को लेकर कुम्हारों के साथ भेदभाव पूर्ण राजनीति की तीव्र भर्त्सना

**अपेम लाइव : बेरमो (बोकारो)**
**पप्पु पंडित**



ईश्वर चंद्र प्रजापति ( पूर्व सदस्य)









रामेश्वर उरांव ( वित्त मंत्री)

झारखंड विधानसभा में शीतकालीन सत्र चलने के दौरान खिजरी विधायक राजेश कश्यप जी के द्वारा झारखंड माटी कला बोर्ड के पुनर्गठन को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ० रामेश्वर उरांव के द्वारा यह कहना की झारखंड में झारखंड माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन करने का कोई औचित्य नहीं है। इस पर झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ ने वित्त मंत्री के बयान की कड़ी निंदा की है। पूर्व सदस्य झारखण्ड माटी कला बोर्ड ईश्वर चन्द्र प्रजापति ने कहा कि वित्त मंत्री के गैर जिम्मेदाराना बयान को लेकर झारखंड प्रदेश के कुम्हार/ शिल्पकार आहत एवं दुखी है। उन्होंने कहा कि मंत्री जी को शायद यह ज्ञात नहीं है कि झारखंड में करोड़ों रुपए का सामान दूसरे प्रदेश से आता था और यहां का शिल्पकार आधुनिकीकरण नहीं रहने के कारण टकटकी लगाकर सिर्फ देखता रहते थे। परंतु उस समय के तत्कालीन सरकार के मुखिया रघुवर दास जी के द्वारा झारखंड माटी कला बोर्ड का गठन कर यहां के शिल्पकारो/ कुम्हारों को रोजगार देने का काम किया गया। बोर्ड गठन के तुरंत बाद ही यहां के कुम्हारों/ शिल्पकारों को आधुनिक ट्रेनिंग देकर झारखंड प्रदेश की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए दूसरे प्रदेशों में सामान निर्यात करने की व्यवस्था की ग इ । परंतु बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि हेमंत सरकार में ऐसे नालायक मंत्री बने पड़े हैं जो एक बड़ी आबादी वाला समाज (कुम्हार )जो अपना मेहनत कर स्वरोजगार कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसके खिलाफ बयान बाजी कर सरकार की छवि बिगाड़ने में लगे हैं। झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ मुख्यमंत्री से यह आग्रह करता है कि ऐसे लोगो पर कार्रवाई करें। कहा कि एक ओर जहां आपकी सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देना चाहती है, आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। वही आपके मंत्री का बयान हास्यास्पद है। निश्चित रूप से आप हम कुम्हारों की ज्वलंत समस्याओं को दूर करते हुए अविलम्ब झारखंड में माटी कला बोर्ड का गठन करने का कष्ट करेंगे । वित्त मंत्री के गैर जिम्मेदाराना बयान का समाज के ईश्वर चन्द्र प्रजापति, पप्पू पंडित, नरेंद्र कुमार उर्फ पप्पु पंडित, गोपाल पंडित, डॉ० नरेश पंडित, देवधारी प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, संतोष प्रजापति, अरुण प्रजापति, प्रीतम पंडित, तोखन प्रजापति, मनोज पंडित, अर्जुन पंडित, अशोक प्रजापति, रामसुंदर प्रजापति, राम अवतार प्रजापति, सोनू पंडित, योगेंद्र पंडित, ढालो प्रजापति, राजेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, नरेश प्रजापति आदि लोगों ने कडी निंदा एवं भर्त्सना की है। साथ ही सीमएम से जल्द झारखंड माटीकला बोर्ड का पुनगर्ठन की मांग की है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह में शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर लड़की को खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोपी को 10 साल की सजा

**अपेम न्यूज : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**




गिरिडीह जिला कोर्ट ने बुधवार को शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर लड़की को खुदकुशी करने के लिए मजबूर करने के आरोपी को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है. बताया गया है कि आरोपी नारायण साव ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए लड़की को पहले कई तरह के प्रलोभन दिए थे फिर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था. जब उसे सफलता नहीं मिली तो उसने लड़की को खुदकुशी के लिए मजबूर किया था. अदालत ने नारायण साव को पिछले 18 दिसंबर को ही दोषी ठहराया था और जेल भेज दिया था.जानकारी के अनुशार मृतका के पिता ने बगोदर थाना में केस दर्ज कराया था. थाने में दिए आवेदन में पिता ने आरोप लगाते हुए कहा था कि उनकी बेटी साल 2017 को जहर खा ली थी. जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी. मौत से पहले उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अस्पताल में मौत से पहले उसने अपनी मां को बताया था कि नारायण साव उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए बराबर अलग-अलग तरीके से दबाब बनाता रहता था. इसके अलावा मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है. वह अपनी इज्जत बचाने के लिए आत्महत्या कर रही है. प्राथमिकी में मृतका के पिता ने कहा था कि इससे पहले उसने अपने बेटे के साथ नारायण साव से लड़की को परेशान नहीं करने का अनुरोध भी किया था. बेटी का मोबाइल नंबर भी बदल दिया था. फिर भी नारायण ने उसका नंबर लेकर उसे प्रताड़ित करता रहता था. इसी प्रताड़ना से तंग आकर उनकी बेटी ने आत्महत्या कर ली ।

## प्रखंड कार्यालय में आधा दर्जन लोग झामुमो का दामन थामा

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कार्यालय में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा गुरुवार को आधा दर्जन लोगों ने झामुमो में शामिल हुआ। जिसमें जोर शोर से माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही बिरनी प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष मजीद अन्सारी, सचिव कृष्ण मुरारी, कोशाध्यक्ष मो०रिज़वी अन्सारी, उपाध्यक्ष महबूब अन्सारी, उपसचिव मुश्लिम अन्सारी, नूर मोहम्मद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शामिल हु लोग निजर तिवारी, अजय पाण्डे, हनीफ साई आदि लोग शामिल हुवे।

## आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के द्वारा 500 कंबल का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कंबल वितरण करते सीएमडी रंजीत कुमार

शीतलहरी व सर्द हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए ठंड से ठिठुरते गरीब, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के बीच आर्य कर्ण निधि के द्वारा सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत गांव गांव जाकर कंबल वितरण किया जा रहा है। आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजित कुमार एवं अन्य सदस्यों के हाथों कंबल का वितरण किया जा रहा है। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं।शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड में कंबल देकर मदद करने पर लाभार्थी थोड़ी देर के लिए भावुक हो गये और आर्य कर्ण निधि की इस पहल की सराहना की। आर्य कर्ण निधि के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि आर्य कर्ण निधि लिमिटेड द्वारा गरीब व निर्धन, को ठंड से बचाव के लिए इतीज, सिरमा, नवाडीह, बसरिया, उपरैली डाडी, जुगरा, कुंदरू, प्लान्डु, तलसवार सहित अन्य गांव में लगभग 500 कंबल का वितरण अब तक किया गया है। गरीब लोगों की सेवा से ही पुण्य प्राप्त होती है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल वितरण निरंतर जारी रहेगा। अन्य गांव में वृद्ध, , निर्धन लोगों की सूची तैयार की जा रही है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके।बताते चलें के इन दिनों पूरे प्रखंड में हाड़ कपकपा देने वाली ठंड पड़ रही है। तापमान लगभग 4 डिग्री नीचे आ गया है। कई लोग ठंड से बीमार पड़ रहे हैं। अहले सुबह खेत खलिहान ओस की सफेद चादर में लिपटा हुआ देखा जा रहा है। मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार, एमडी देवदीप कुमार, संयोजक सरोज सोनी, पवन कुमार ,विनोद सिन्हा ,कृष्णा राम चौहन साव , आशीष भोक्ता, तुलसी भोक्ता, रामेश्वर भोक्ता, दिलीप राणा, सलिया देवी, दिनेश मिंज, राजू उरांव, आशिता देवी, कोमल भोक्ता, चमन गंझू, ग्रेवीअल तिर्की ,मारकुश लकड़ा, अशोक तिर्की, फिलमोन तिगा, उषा देवी आदि ने कंबल वितरण में सराहनीय भूमिका निभाई।

## अफीम पोस्ता की खेती प्रोसेसिंग व बिक्री पर रोकथाम हेतु उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

### अफीम की खेती करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से उपायुक्त, अंजली यादव एवं पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन द्वारा जिले में अफीम, पोस्ता की खेती प्रोसेसिंग व बिक्री पर रोकथाम हेतु समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एक एक कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से अफीम ,पोस्ता की खेती , प्रोसेसिंग व बिक्री पर रोकथाम हेतु अब तक किए कार्रवाई एवं विभिन्न मामलों की जानकारी लिया। साथ हीं कार्रवाई के दौरान आने वाली समस्याओं एवं आवश्यकताओं को साझा करने को कहा गया।बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर वैसे लोगों को चिन्हित करने को कहा गया जो जिले में अफीम की खेती कर अपने आने वाली पीढ़ियों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई। साथ हीं जमीन मालिक एवं अफीम की खेती करने वाले दोनो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया।उपायुक्त ने व्यापक रूप से अफीम की खेती से होने वाले नुकसान एवं इसे लेकर विभिन्न धाराओं के तहत होने वाले कार्यवाही से आमजनों को जागरूक करने का निर्देश दिया। जिससे वह अफीम जैसी नशीली पदार्थों की खेती से दूर रह सके। इसके लिए उन्होंने ग्राम सभा के माध्यम से एवं बैनर/ पोस्ट/ मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक करने को कहा।अफीम की खेती को फैलने से पूर्व हीं सभी को नष्ट करने हेतु टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से इसे नष्ट करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी पदा. धिकारीयों को सक्रिय होकर अफीम की खेती के रोक. थाम हेतु कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती हमारे एवं आने वाले पीढ़ियों के लिए काफी हा. निकारक है, इसका दुष्परिणाम हमारे आने वाले पीढ़ियों तक को भुगतना पड़ेगा। इसलिए जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ-साथ आम लोग भी साथ मिलकर इसके रोक. थाम हेतु सहयोग करे। अपने आस पास में हो रहे अफीम की खेती के बारे में प्रशासन को अवश्य सूचित करें। जिससे जिले में इस प्रकार की खेती पर पुर्ण रूप से विराम लगाया जा सके। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी चतरा/सिमरिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा सिमरिया, डीएसपी मुख्यालय, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य सम्बंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## 54 लाख 43 हजार 394 रुपये की बैंक राशि गबन में मैनेजर सहित दो पर प्राथमिक दर्ज

### मैनेजर नितेश चन्द्रा ने की थाने में प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**

सिमरिया प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया बैंक ऑफ इंडिया शाखा में 54 लाख 43 हजार 394 रुपये की गबन मामले को लेकर वर्तमान मैनेजर नितेश चन्द्रा ने सिमरिया थाना में मैनेजर समेत दो पर प्राथ. मिकी दर्ज की है। यह प्रा. थमिकी उन्होंने मंगलवार देर शाम की है। प्राथमिकी दर्ज में मैनेजर कन्हाई कुमार,पिता सहदेव कुमार लारियाडीह पत्थलड़िहा,कोड. रमा,सहायक मैनेजर शमशेर उद्दीन पिता सदरुद्दीन ,लोधीपुर जिला भागलपुरऔर कैशियर प्यारी बाखला पति मरियानुस बाखला हड्डियों सीमारिया का नाम शामिल है। इनलोगों पर थाना कांड संख्या 169/21 धारा 406, 409,420,120बी 34 भादवी का मामला लगाया गया है। प्राथमिकी दर्ज में वर्तमान मैनेजर नितेश चन्द्रा ने कहा है कि अ०फिस अक०उंट से 5 अक्टूबर को 40 लाख रुपये दुशरे के खाते में हस्तांतरित करने के अलावा एक लाख 43 हजार सिक. कों की हेराफेरी की गई है। प्राथमिकी में कैशियर प्यारी बाखला पर मैनेजर के आईडी पासवर्ड का इस्तेमाल कर रुपये ट्रांसफर करने का आरोप है।उक्त राशि बैंक केश टीआर खाते से नामे कर शाखा के तत्कालीन अधिकारीयों ने कैशियर के मिली भगत से बैंक की राशि अवैध निकाशी कर ली गयी है। बता दें कि बैंक घोटाले की मामले को लेकर पत्रकारों ने प्रमुखता से लेते हुए खबर छापी थी जिसके आलोक में विभाग द्वारा यह कार्रवाई की गई है।

## विधायक किशुन कुमार दास का प्रयास लाया रंग

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास के निरंतर प्रयास से प्रखंड-गिद्धौर अंतर्गत मंझगावा के घटेरी पुल निर्माण का टेंडर का नि. विदा हुआ है। जिससे यहां के आसपास के व्यापारी वर्ग व आम जनमानस को आवागमन में हो रहे परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा व आवागमन में काफी सुविधा होगी। गौरतलब है कि क्षेत्रवासियों ने पुल के नहीं होने से हो रहे समस्या से विधायक को अवगत कराया था। जिसके बाद से लगातार विधायक किशुन कुमार दास पुल निर्माण को लेकर प्रयासरत थे उन्होंने पुल निर्माण को लेकर 6 महीना पहले ही कार्यपालक अभियंता ( ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल) को पत्राचार (पत्र लिखकर) के माध्यम से अवगत कराया था ।और कल विधानसभा शीतक. ालीन सत्र के दौरान भी विधायक ने इस पुल से संबंधित आवाज उठाई थी। जिसके बाद सदन के द्वारा उन्हें आश्वस्त किया गया था कि इस पुल का निर्माण कार्य जल्द ही कराया जाएगा और इस पुल का टेंडर निविदा हो चुका है। पुल नहीं होने से यहां के व्यापारी वर्ग व आम जनमानस का जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया था विधायक के प्रयास से एक बार फिर क्षेत्रवासियों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## पिकअप वैन और स्वीफ्ट कार में टक्कर, एएसआई दंपति घायल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ हजारीबाग रोड एनएच 100 में भेलवारा घाटी में गुरूवार को पिकअप वैन और स्वीफ्ट कार में टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार बोक. ारो सेक्टर फोर थाना में कार्यरत एएसआई बसंत टोप्पो गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में बैठी उनकी पत्नी रजनी एक्का भी घायल हुई है। बताया जाता है कि एएसआई बसंत टोप्पो गिरिडीह जिला के राजधनवार स्थित स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अपनी पत्नी को साथ लेकर क्रिसमस की छुट्टी मनाने रांची जा रहे थे। इसी दौरान भेलवारा घाटी में सामने से आ रही पिकअप वैन से कार की सीधी टक्कर हो गई। इधर, दुर्घटना के बाद पिकअप वैन अनियंत्रित होकर घाटी के गहरे गड्ढे में जा घुसी। कार सवार घायल दंपति को समाजसेवी राजू श्रीवास्तव ने काफी मदद की और एंबुलेंस से विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया। अस्पताल में चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद एएसआई की गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उनकी पसली की हड्डी टूट गई है। घटना के बाद पिकअप चालक फरार बताया जाता है। फिलहाल विष्णुगढ़ पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को जब्त कर ली है।


हादसे के बाद घाटी में दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वैन

## विस्थापित एवं रोजगार को लेकर झारखंड विधानसभा पहुंचे युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


मौके पर शामिल लोग

बड़कागांव के युवा समाजसेवी नेता शाहिद उर्फ सोनू विस्थापित एवं रोजगार को लेकर पहुंचे झारखंड विधानसभा झारखंड कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, सत्यानंद भोक्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन , से मिले व मुख्यमंत्री से मिलने के पश्चात सोनू ने माननीय मुख्यमंत्री को क्षेत्र में हो रही समस्या के बारे में विस्. तार किया। बड़कागांव प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड का पहला मुद्दा है क्षेत्र में एनटीपीसी कि सहयोगी कंपनी के द्वारा थ्रिवेणी सैनिक एवं कन्वेयर बेल्ट में सरकार की तरफ से जो 75ः की घोषणा हुई है। स्थानीय को रोजगार मिलेगा। लेकीन कंपनी अधूरा काम कर रही एवं विस्थापित क्षेत्र जमीन ले लेने के बाद भी विस्थापित क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने का काम कंपनी के द्वारा नहीं किया जा रहा है। एवं क्षेत्र में एनटीपीसी के द्वारा कोई भी विकास का काम क्षेत्र में देखने को नहीं मिल रहा है। एनटीपीसी कंपनी वादा किया था बिजली देंगे पानी देंगे स्वास्थ्य देंगे रोड देंगे स्थानीय को 75ः रा. ेजगार देंगे इन सब वादों से कंपनी पीछे मुड़ गई है। ऐसी समस्या में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है इसलिए विस्थापित क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम करें मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के जन समस्या को लेकर अवगत कराएं एवं चेपाकला पंचायत के पंदनवा टांड गांव के झारखंड अलग हुए 21 साल हो जाने के बाद भी आज तक उस गांव में बिजली नहीं पहुंची एवं वहां पे 140 से 150 लोक आबादी है। नहीं स्वास्थ्य सु. विधा है पानी का सुविधा है सब सुविधा को लेकर माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता बादल पत्रलेख के द्वारा यह सब चीज कमियों को बड़कागांव प्रखंड केरेडारी प्रखंड सरकार के द्वारा मुहैया कराया जाए एनटीपीसी की सहयोगी कंपनी थ्रिवेणी सैनिक के द्वारा प्रदूषण को लेकर जनता है परेशान चिरू बरवाडी से बाना दाग जाने के क्रम में 13 मेल के पास डस्ट से आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। थ्रिवेणी सैनिक कंपनी बाहरी लोग को जुड़ना बंद करें एवं स्थानीय को रोजगार से जोड़ने का काम करें एवं भूमि अधिकरण गरिमा जुड़वा जमीन को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा किए और मौके पर मंत्री से मिलें युवा नेता गौतम मेहता, आसिफ हुसैन, राजेश गुप्ता, कजरू साव, अरशद अंसारी, मुख्तार हुसैन, रामकृपाल राणा आदि लोग उपस्थित थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



मौके पर उपस्थित लोग

बड़कागांव प्रखंड के ठाकुर मोहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय मेमोरियल के स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। वही व संचालन शिक्षिका ऐलिस एलिजाबेथ टोप्पो ने किया। मौके पर भगवान प्रभु यीशु के चरणी में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही भगवान यीशु मसी के जन्म दिवस के मौके पर केक काट कर मनाया गया। मौके पर शिक्षिका एलिस एलिजाबेथ टोप्पो ने सभी बच्चों को भगवान यीशु मसी के के बारे में बताया साथ ही उनके बताए मार्गो पर चलने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि भगवान यीशु हमेशा दूसरों की मदद करते थे। और यह क्रिसमस डे भारत नहीं बल्कि पूरे विश्व में भगवान यीशु के जन्मदिन को क्रिसमस डे के रूप में मनाया जाता है। वही कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने सभी बच्चों को एक दूसरे को मदद करने के साथ-साथ पढ़ाई कर अपने गांव समाज का विद्यालय का नाम रोशन करने का बात कही। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के उप. निदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, विनोद नायक, अमीन अंसारी, संदीप शर्मा, अंजू कुमारी,रश्मि बेदिया, एरिका टोप्पो, अंजू कुमारी, मनीषा कुमारी, आंचल कुमारी, सोनू कुमार, मुकेश कुमार, अनु कुमारी, विकास कुमार, दुर्गा देवी, गुरुदयाल ठाकुर सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उप. स्थित थे।

## सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत अलपीटो पंचायत में शिविर का आयोजन, शेख तैयब बोले कोनार डैम से किसानों के खेत में पानी की हो प्राथमिकता

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



अलपीटो में जनता दरबार को संबोधित करते अतिथि

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरूवार को अलपीटो में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरूआत प्रधान सुमिता देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, बीडीओ संजय कुमार कोंगड़ी, प्रमुख अशोक गुप्ता, सीओ रामबालक कुमार, विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब जिप सदस्य यशोदा देवी, पंसस महेश यादव द्वारा दीप प्रज्व. लित कर किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन के 135, विधवा पेंसन के 23, दिब्यांग पेंसन के 7, नया राशन कार्ड हेतु 95, नाम विलोपन 107, कार्ड सरेंडर 4 तथा राशन कार्ड में नाम जोड़ने हेतु 110 आवेदन प्राप्त किए गए। बीडीओ ने कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए सरकार की यह सकारात्मक पहल है। लोग इसका लाभ उठाएं। विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने कहा कि कोनार डैम का जलस्तर लगातार घट रहा है। डैम से नहर में पानी द्वारा किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के किसानों को नहर से काफी उम्मीदें है। इधर, कोनार डैम का पानी हज़ारीबाग भेजा जा रहा है। यह इलाके के लोगों को सा. ेचने की आवश्यकता है। पानी के लिए एक बड़ा आंदोलन करने की जरूरत है। पहले पानी किसानों के खेतों तक पहुंचे। इसकी प्रा. थमिकता होनी चाहिए। कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बहाने पंचायत चुनाव को भी टाल रही है। यह जनता को दिग्भ्रमित करने के लिए किया जा रहा है। मौके पर जानकी शर्मा, सुधीर सिंह, महताब हुसैन, विशेश्वर यादव, गिरजा साव, सुखदेव यादव, मिठू यादव, नीलेश पाठक, मंटू यादव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## दो माह बाद घर लौटा लापता किशोर, परिजनों में खुशी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


किशोर के घर पहुंचने की खुशी में मिठाते बांधते समाजसेवी सुरेश राम

प्रखंड के बनासो पंचायत अंतर्गत नावाटांड निवासी सूरज कुमार सिंह लापता होने के करीब दो माह सकुशल घर लौट आया है। घर लौटने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। बताया जाता है कि सूरज 22 अक्टूबर को काम की तलाश में कर्नाटक गया था। वहां काम नहीं मिलने पर वह घर लौटने लगा। इसी बीच वह ट्रेन से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल रहा था। इस संबंध में थाने में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया गया था। इस बीच किशोर भटक कर मुंबई पहुंच गया। मुंबई में एक परिचित ने उसकी पहचान कर अपने साथ रखा और घर वालों को सूचना दी। सूचना पर समाजसेवी सुरेश राम एवं पत्नी मंजू देवी मुंबई पहुंचकर किशोर को सकुशल घर ले आए। इस मौके पर मिठाई भी बांटी गई। मौके पर पिंकी देवी, द्वारिका करमाली, सीता देवी, मिनवा देवी, सोनू करमाली, विजय सिंह, दर्वानी देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur

Estd : 2014
VECTOR CLASSES
Germinating Confidence
अब हजारीबाग क्यों जाना VECTOR CLASSES है ना।
7717777833, 9113408072
I.Sc. (XI th & XII th) IIT - JEE (Mains + Advance) Medical
ARTS (XI th & XII th)
8 th to 10 th (CBSE & JAC Board)
रॉंची, पटना जैसी शिक्षा प्राप्त करें अब आपके शहर बरही में अनुभवी शिक्षको के साथ...

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## कर्णपुरा कॉलेज के प्रवेश द्वार का कुलपति ने उद्घाटन किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रवेश द्वार का उद्घाटन करते कुलपति मुकुल नारायण देव

कर्णपुरा कॉलेज बड़कागांव का प्रवेश द्वार का उद्घाटन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० मुकुल नारायण देव के द्वारा नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृति नाथ महतो एवं संचालन ज्योति जलधर व ऋतुराज दास ने संयुक्त रुप से किया। पारंपरिक तरीके से ढोल नगाड़े एवं झारखंडी नृत्य गीत के साथ ड०क्टर देव का स्वागत किया गया। तत्पश्चात, विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए बने प्रयोगशाला को कुलपति के हाथों विधिवत उद्घाटन किया गया। कुलपति ने प्रयोगशाला को देखकर प्रशंसा की। कुलपति के हा. थों कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। मंच पर जिला एवं प्रखंड से आए मेहमानों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कुलपति ने कहा कर्णपुरा कॉलेज पूरे बड़कागांव में मात्र एक ऐसा कॉलेज है जिसे डिग्री की मान्यता देने का अधिकार विनोबा भावे विश्वविद्यालय के द्वारा प्राप्त है। क०लेज में प्रयोगशाला के साथ–साथ खेल का मैदान भी उपलब्ध है। साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण भी मिलता है। मौके पर मुख्य रूप से प्राचार्य कृतिनाथ महतो, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, कॉलेज के सचिव टुकेश्वर प्रसाद, प्रोफेसर चुरामन दांगी, सुरेश महतो, ललिता कुमारी, अनु कुमारी, नि. रंजन प्रसाद नीरज, ऋतुराज दास, रंजीत प्रसाद, प्रोफेसर सुरेश महतो ,अनिल कुमार, अजय कुमार, पवन कुमार, लालदेव महतो, सोहन लाल मेहता, विशेश्वर नाथ चौबे,रामसेवक सोनी, राजेश गुप्ता, जय नारायण प्रसाद, शशि कुमार मेहता, बासमती देवी, अनीता देवी, संजय कुमार, मेवा लाल नाग, सुरेश महतो, रंजीत कुमार के अलावा शिक्षक, अभिभावक एवं सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक मुरलीधर तिवारी की ब्रह्मभोज में कई विशिष्ट कांग्रेसी लोग शामिल हुए

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग।

बड़कागांव प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अहम योगदान देने वाले बड़कागांव अंतर्गत ढेंगा ग्राम निवासी सेवानिवृत्त 85 वर्षीय शिक्षक मुरलीधर तिवारी के निधन पर आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के कई विशिष्ट कांग्रेसी एवं के विशिष्ट लोगों ने शिरकत किया एवं मुरलीधर तिवारी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला इंटक अध्यक्ष मिथिलेश दुबे, जावेद आलम ,केडी सिंह , राजेंद्र चौरसिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय तिवारी, सरोज तिवारी ,बसंत तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, राकेश तिवारी, राजेश तिवारी कांग्रेसी नेता संजय तिवारी, विवेक तिवारी , धर्मेंद्र तिवारी, अमित तिवारी, अरुण सिन्हा , उमेश सिन्हा , अशोक सिन्हा ,कैलाश सिंह, रामविलास सिंह , पप्पू तिवारी, सहीत कई गणमान्य उपस्थित हुए।

## अवैध कोयले की तस्करी करते तीन बाइक जब्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कोयला तस्करी में लगे तीन बाइक को जब्त किया है। इन बाइकों पर 34 बोरी अवैध स्टीम कोयला लदा हुआ पाया गया। जब्त कोयले का वजन लगभग 1020 किलो है। छापेमारी में एक भी कोयला तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि बोकारो जिला के प्रतिबंधित वन क्षेत्र से कोयले की अवैध तस्करी में कई बाइक सवार जुटे हैं। जो विष्णुगढ़ व बगोदर इलाके की मंडियों एवं ईंट भट्ठों में अवैध रूप से बेचने का काम करते हैं। इसी सूचना पर मड़मो स्कूल के पास जांच की गई तो तीन बाइक कोयला लेकर आते दिखे। पुलिस टीम को देखते हीं कोयला तस्कर अपनी बाइक को बीच सड़क पर छोड़कर अंधेरे तथा जंगल झाड़ियों का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने सभी बाइक एवं कोयला को जब्त कर लिया है। इसे लेकर जब्त सभी बाइक के चालक एवं मालिक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाया रास्ता

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


मौके पर शामिल लोग

बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम कोनहरा कला में ग्रामीणों ने अपने श्रमदान कर शमशान घाट जाने का रास्ता बनाया। ग्रामीणों के मुताबिक शमशान घाट जाने के लिए लोगों को नदी से होकर जाना पड़ता था। जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। खासकर बरसात के मौसम में शव को ले जाने में अत्यधिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। ग्रामीणों ने बैठक कर रास्ता बनाने का निर्णय लिया। जहां गुरुवार को लोगों ने अपने श्रमदान से जेसीबी मशीन लगाकर रास्ता बनाया गया। रास्ता बनने से लोग उत्साहित नजर आए। रास्ते को बनाने में अध्यक्ष ईश्वर यादव,मुखिया मुंशी पा. सवान, पंकज सोनी, जीवन यादव, राम अवतार यादव, रामसहाय पासवान, राजेन्द्र प्रजापति, केदार प्रजापति, प्रकाश यादव, भुवनेश्वर राणा, भागी यादव, मनोज ठाकुर, बासदेव ठाकुर, राजेन्द्र यादव, मनी यादव,गणेश राणा, राजू यादव, कमल राणा,दामोदर पासवान, फलजीत यादव समेत आदि लोगों ने अहम योगदान दिया।

## गोरहर पुलिस ने एक घर से दो सगे भाई साइबर अपराधी को दबोचा

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


पकड़े गए साइबर अपराधी

गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम बण्डासिंगा टोला जलहिया से एक घर से दो भाइयों को पुलिस ने साइबर अपराधियों को दबोचा है। इस बाबत थाना प्रभारी राधा कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें कहा है की वरीय पदाधिकारी को सूचना मिली की ग्राम बण्डासिंगा टोला जलहिया में दो सगे भाई साइबर क्राइम घटना को अंजाम दे रहे हैं। गोरहर पुलिस ने टीम गठित कर रामचंद्र साव के घर में छापामारी की। पुलिस को देखते ही दोनो आरोपी घबराने लगे तथा मोबाईल इधर उधर छिपाने लगे। जिसे सस्त्र बल के द्वारा पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों युवकों से नाम पूछा तो बताया अनिल साव, प्रयाग साव दोनों के पिता रामचंद्र साव ग्राम बण्डा. सिंगा टोला जलहिया निवासी बताया। इन दोनों आरोपी के पास से दो मोबाईल को जब्त पकड़ाया। दोनों मोबाइल में विभिन्न प्रकार के आपत्तिजनक तस्वीर भेजकर ठगी करने का चौटिंग पाया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। इस मामले को लेकर गोरहर थाना कांड संख्या 59/21 व धारा 420, 385, भा.द.वी. एंव 66ौ 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## चूरचू के हेंदेगढा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम , सैकड़ो मामलों का हुआ निस्पादन

**अपेम लाइव रू चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



मौके पर उपस्थित लोग

चुरचू प्रखंड के हेंदेगढा पंचायत भवन में गुरुवार को आपकी सरकार आपके द्वार शिविर आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विधिवत रूप से जीप सदस्य अग्ने. शिया सांडी पूर्ति ,बीडीओ इंदर कुमार, सीओ शशि भूषण सिंह ,मुखिया परमेश्वर महतो समेत अन्य पदाधिकारियों के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शिविर में लगाए गए विभागीय स्ट०लों पर कार्य निष्पादन हेतु आवेदन लिए गए। जिसमे केसीसी ऋण, राशन कार्ड, पेंशन योजना, पीएम आवास योजना, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग द्वारा ई श्रम कार्ड का वितरण, मत्स्य, कृषि व पशुपालन, दाखिल खारिज हेतु आवेदन लेने के लिए हर विभाग के कर्मी उपस्थित थे। मौके पर उप प्रमुख चोलेश्वर महतो, मनरेगा बीपीओ प्रनव सिन्हा, वार्ड सदस्य साजदा खातुन, बिरजू सिंह, अशोक तुरी, टेकलाल महतो, जयकुमार महतो, सोनिया देवी, अनीता देवी, मग. नलाल महतो, संजिदा खातून, भुनेश्वर तुरी, समा. जसेवी बिशनू महतो, पंचायत सचिव, पीडीएस प्रभारी एमओ, बाल विकास पदाधिकारी, स्वास्थ् प्रभारी, पशुपालन प्रभारी, वन विभाग, आंगनबाड़ी, जेएसएलपीएस मत्स्य विभाग के अधिकारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।

## मांडू विधायक के सौजन्य से कंबल वितरण

**अपेम लाइव रू चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



झारखंड भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के सहयोग से गुरुवार को हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत बहेरा पंचायत के ग्राम मयूर नचवा कजरी 11 नम्बर वार्ड में गरीब व किसान एवं मजदुरों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, नसीम अंसारी फिरोज अंसारी तस्लीम अंसारी, वसीम अंसारी सहित कई लोग सामिल थे।

APEM LIVE

APEM LIVE